reports of the National Sample Survey on consumer expenditure and other subjects are continually analysed in the Planning Commission.

कृषकों को सप्लाई के लिए टर्की के साथ करार

3795. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृषकों को ट्रैक्टर प्राप्त करने के लिये काफी समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है और उन्हें ट्रैक्टर बाजार में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर खरीदने पड़ते हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) देश में आपातस्थिति की घोषणा के बाद कितने ट्रैक्टर आयात किये गए ;

(घ) क्या हजारों ट्रैक्टरों की सप्लाई के लिये भारत ने अप्रैल, 1976 में टर्की के साथ करार किया है ; और

(ङ) यदि हां, तो किस मूल्य पर और इसे भारत में किस मूल्य पर बेचा जा रहा है ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) :

(क) और (ख). दो माडलों के ट्रैक्टरों को छोड़कर देश में बन रहे सभी ट्रैक्टर बिना किसी प्रतीक्षा के उपलब्ध हैं। ग्राहकों से निर्धारित मूल्यों से अधिक वसूल किये जाने के बारे में सरकार को पता नहीं है ।

(ग) आपात स्थिति की घोषणा किये जाने के पश्चात् ट्रैक्टरों का कोई आयात नहीं किया गया है। विश्व बैंक द्वारा दिए गए धन से आई० डी० ए० कृषि परियोजना के अधीन 1100 ट्रैक्टर आयात किये गये थे ।

(घ) और (ङ). ट्रैक्टर निर्माण कर रहे एक एकक ने प्रति ट्रैक्टर 38,000 रुपये के अनुमानित मूल्य से 1000 ट्रैक्टरों की सप्लाई करने के लिए फरवरी, 1976 में टर्की से एक करार किया है जब कि इन ट्रैक्टरों का मूल्य देश में उत्पादन शुल्क समेत 48,550 रुपये है ।

विदेशी मुद्रा (विनियमन) अधिनियम के बारे में शीतल पेय आदि निर्माताओं से अभ्यावेदन

3796. श्री सोमचन्द सोलंकी : क्या उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शीतल पेय आदि निर्मात्री कम्पनियों ने विदेशी मुद्रा (विनियमन) अधिनियम के संबंध में कोई ज्ञापन सरकार को भेजा है ;

(ख) यदि हां, तो उन कम्पनियों के क्या नाम हैं ; और

(ग) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) :

(क) और (ख). जुलाई, 1975 में कोका कोला बाटलर्स एसोसियेशन आफ इण्डिया ने विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 के उपबन्धों के अन्तर्गत कोका कोला एक्सपोर्ट कार्पोरेशन की भावी रूप-रेखा बताते हुए एक अनन्तिम प्रस्ताव भेजा था।